दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

भातफेरी निकालकर लोगों को दिया स्वस्थ रहने का संदेश, आज मनाया जाएगा साइकिल डे

Sagar News - सागर | स्वस्थ भारत यात्रा के तहत शहर के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए मंगलवार को एनसीसी कैडेट्स...

Dainik Bhaskar

Dec 26, 2018, 04:45 AM IST

सागर | स्वस्थ भारत यात्रा के तहत शहर के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए मंगलवार को एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रभातफेरी और रैलियों का आयोजन किया गया। इस दौरान 11 मप्र बटालियन के एनसीसी कैडेट्स ने शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए लोगों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। यह रैली खेल परिसर से सुबह 8 बजे निकाली गई। रैली का नेतृत्व कर रहे कैप्टन विकास यादव ने हाथों मे बैटल थामी हुई थी और कैडेट्स पोस्टर बैनर लिए ईट राइट इंडिया के नारे लगा रहे थे। खेल परिसर में कैडेट्स को गांधी फिल्म दिखाई गई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में 11 मप्र बटालियन के कमान अधिकारी ले. कर्नल ग्रिजेश दुबे, सूबेदार कुलदीप सिंह, कैप्टन एसी जैन मौजूद थे। वहीं बुधवार को सुबह 8 बजे स्वस्थ भारत यात्रा मालथौन के लिए रवाना होगी।